an>

Title: Need to attach an extra bogey for MST passengers in Vidharbha Express and Intercity Express running from Wardha to Nagpur and Amravati in Maharashtra.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) ः मेरा माननीय रेल मंत्री जी का अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा के मासिक रेल पास यात्रियों को हो रही समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए आग्रह है कि लगभग 10 हजार मासिक रेल पास धारक यात्री वर्धा से नागपुर एवं अमरावती दैनिक सफर करते हैं। जिसमें व्यवसायी, कामगार एवं विद्यार्थी भी होते हैं, वर्धा से जाने वाली ट्रेनों में जनरल बोगी की संख्या कम होने से स्लीपर की बोगी में विगत वर्षों में मासिक रेल पास धारक यात्री यात्रा करते हैं, किन्तु कुछ समय से रेल कर्मचारीगण इन यात्रियों के साथ अनुचित व्यवहार कर मनमाना दंड ले रहे हैं जिससे यात्रियों में काफी रोष है।

अतः आग्रह है कि वर्धा से जाने वाली विदर्भ एक्सप्रेस एवं इन्टरसिटी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त कोच मासिक पास धारकों के लिए लगाया जाए नहीं तो पूर्व की भांति स्लीपर कोच में मासिक पास धारकों को सफर करने का निदेश जारी किया जाए जिससे कि समस्याओं का निदान हो एवं दैनिक सफर करने वालों को सहूलियत हो।